डलहौजी हिलटॉप स्कूल में प्रतिष्ठा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

13 जुलाई , 2022 बुधवार ,डलहौजी हिलटॉप स्कूल डलहौजी में प्रतिष्ठा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। हिलटॉप स्कूल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिलटॉप छात्र परिषद बनाने की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखा। जिन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा एक मजबूत नैतिकता के साथ थे। उन्हें विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वायु सेना ग्रुप कैप्टन प्रदीप भारद्वाज जी ने की। इसमें मुख्य रूप से छात्र अध्यक्ष ,स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कैप्टन , डोम कैप्टन तथा अनुशासन समिति के सदस्य इत्यादि पदों पर मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी मनोनीत सदस्य को बैच लगाकर सम्मानित किया। छात्र अध्यक्ष अर्थात वेलेक्डिटोरियन बनने का सर्वोच्च सम्मान अभय शर्मा ने प्राप्त किया एवं अक्षय कुमार सीनियर हाउस कैप्टन, मनवीर सिंह मिडिल हाउस कैप्टन ,इरफान अलि जूनियर हाउस कैप्टन, लड़कियों में जसलीन कौर को छात्राओं के छात्रावास की कैप्टन मनोनीत किया गया। तदोपरांत अनुशासन समिति का भी गठित कर सम्मानित किया गया, जिसमें मोहम्मद सलमान , माधव, इरविन तथा इकतेज को मनोनीत किया गया। इसके अलावा क्लास परफैक्ट भी चयनित हुए जिसमें कक्षा बारहवीं से संभव, ग्यारहवीं कक्षा से सहबाज सिंह कक्षा दसवीं से स्टैंजिन, कक्षा नौवीं से अक्षित, कक्षा आठवीं से आदित्य जसरोटिया, कक्षा सातवीं से साहिल , कक्षा छठी से सटैंजिन फार्मो, कक्षा पांचवीं से रौनक,कक्षा चौथी से मनन शर्मा, कक्षा तीसरी से तन्मय, कक्षा दूसरी से अनायदा तथा पहली कक्षा से आव्या को मनोनीत किया गया।

सदनों के अध्यक्ष में शेक्सपीयर सदन से प्राची, वर्ड्सवर्थ सदन से काव्य भोगल, डिकंस सदन से टेनजिन तथा कीट्स सदन से आदित्य शर्मा को चयनित किया गया।

हिलटॉप स्कूल के छात्रों ने एक सरस्वती नृत्य, जापानी नृत्य तथा हमेशा लोकप्रिय पंजाब का भांगड़ा नृत्य का प्रदर्शन किया। पंजाबी भांगड़ा प्रदर्शन इस प्रकार हुआ जिसमें सभी मेहमानों को मंच पर छात्रों के साथ उठने और शामिल होने के लिए प्रेरित किया । तदोपरांत मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन प्रदीप भारद्वाज ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें प्रदान की गई जिम्मेदारियों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय अध्यक्ष के अभिभाषण के साथ हुआ। जिन्होंने छात्रों को मनोनीत किए जाने पर बधाई दी तथा नैतिक जिम्मेदारियों के मूल्य को समझाते हुए किस प्रकार उन्हें विद्यालय में अपनी भूमिका निभानी है इस प्रणाली पर जोर दिया।